बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-26
08/01/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में सिवान जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा, समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों को दिए दिशा–निर्देश

पटना, 08 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 'समाधान यात्रा' के क्रम में सिवान जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया।

यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री पंचरूखी प्रखंड के सुपौली गांव पहुंचे और वहां लोगों की समस्याएं सुनीं और समाधान के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। जीविका द्वारा संपोषित भैंस पालन, श्रृंगार की दुकान, जेनरल स्टोर का मुख्यमंत्री ने मुआयना किया और उनके लाभुकों से बातचीत की। महादलित टोले में बिहार सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की लगाई गई सूची को मुख्यमंत्री ने देखा और उसके संबंध में जिलाधिकारी से पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सभी लोगों को मिलना चाहिए। कोई भी इससे वंचित न रहे, इसपर विशेष ध्यान दें। मुख्यमंत्री ने वहां जीविका दीदियों से मुलाकात की और स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किये गए विभिन्न उत्पादों का निरीक्षण किया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री महाराजगंज प्रखंड की हजपुरवा पंचायत के सोनवर्षा गांव पहुंचे और वहां बिहार राज्य मदरसा सुदृढ़ीकरण योजना के अंतर्गत तालीम–ए–नौबालिगान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सोनवर्षा के मदरसा इस्लामिया अरबिया नईमिया का भी जायजा लिया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने वहां की शिक्षा व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं के बारे में उपस्थित छात्र–छात्राओं और शिक्षकों से जानकारी ली। तालीम–ए–नौबालिगान कार्यक्रम के अंतर्गत चलाए जा रहे मॉड्यूल के विषयों के संबंध में मुख्यमंत्री को वहां के छात्र–छात्राओं ने प्रदर्शनी के माध्यम से जानकारी दी।

महाराजगंज प्रखंड की हजपुरवा पंचायत के सोनवर्षा के वार्ड नंबर 4 पहुंचकर वहां मौजूद ग्रामीणों से मिलकर मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान के संबंध में जिलाधिकारी को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री पेयजल निश्चय योजना के अंतर्गत शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु स्थापित संयंत्र का मुख्यमंत्री ने शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना द्वारा संपोषित दुकानों का भी जायजा लिया और जीविका दीदियों से मुलाकात की। उन्होंने बिहार महादलित विकास मिशन से जुड़े लोगों से भी मुलाकात की और उन्हें समाज सुधार अभियान तथा बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के खिलाफ अभियान चलाते रहने एवं लोगों को जागरूक करते रहने को कहा।

इसके पश्चात् पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि समाधान यात्रा के दौरान हम विभिन्न जगहों पर जाकर देख रहे हैं कि सरकार द्वारा जो योजनाएं चलाई जा रही हैं उसकी प्रगति क्या है? सरकार द्वारा और क्या करना जरुरी है, उसे भी देखना है। पहले मदरसे के शिक्षकों को तनख्वाह नहीं मिलती थी। मदरसा की स्थिति सुधारने और उसे आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकार ने काफी काम किया है। मदरसे में भी हमने जाकर देखा

है। यहां बेहतर ढंग से पढ़ाई हो रही है। अब मदरसों में साइंस की भी पढ़ाई हो रही है। ये लोग मदरसा का विस्तार करना चाहते हैं, हमलोग यह काम भी करवा देंगे। हमने मदरसे में पढ़ाई और हॉस्टल की सुविधा को लेकर को लेकर जरूरी निर्देश दिये हैं। डिग्री कॉलेज के लिए भी हमने कह दिया है कि इसे भी किया जायेगा।

इस दौरान वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री सह सिवान जिले के प्रभारी मंत्री श्री आलोक कुमार मेहता, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान सहित सिवान जिले के विधायकगण/ विधान पार्षदगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की प्रधान सचिव श्रीमती सफीना एन0, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री बालामुरुगन डी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के सचिव श्री देवेश सेहरा, आयुक्त सारण प्रमंडल श्रीमती पूनम, पुलिस उपमहानिरीक्षक सारण रेंज श्री विकास कुमार, जिलाधिकारी सिवान श्री अमित कुमार पांडे, पुलिस अधीक्षक सिवान, श्री शैलेश कुमार सिन्हा सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******